an>

Title: Need to reschedule to arrival-departure time-table of trains on Jhunjhunu-Sikar section.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझनु) : मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र झुंझनू की ओर दिलाना चाहती हूँ। झुंझनू जिला पूरे भारत में सर्वाधिक सैनिकों के लिए, व्यापार और शिक्षा की दृष्टि से अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है। मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान झुंझनू-सीकर रेलवे लाइन पर चलने वाली गाड़ियों की ओर दिलाना चाहती हूँ। वर्तमान में इस रूट में चलने वाली सभी गाड़ियों की समय सारणी जिले के नागरिकों के अनुसार नहीं होने के कारण जिले वासियों को इस का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

समय-सारणी सुविधाजनक न होने के कारण सरकार को भी इस रूट पर काफी वित्तीय घाटा झेलना पड़ रहा है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस रूट पर चलने वाली गाड़ियों के परिचालन को सुधारने के संबंध में एक सर्वे करवाएं ताकि इस रूट पर सरकार को भी लाभ हो सके तथा क्षेत्रवासी भी रेल सुविधा का लाभ उठा सकें।